## खबर संक्षेप

### थानों में बाढ़ राहत कंट्रोल रूम बनाने की दी हिदायत

**कटनी**। अतिवृष्टि को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले में प्रत्येक थाना स्तर पर बाढ़ राहत कन्ट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिये हैं। जिसमें शासकीय सेवकों का ग्रुप किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित आमजन को राहत प्रदाय करते हुये जिला आपदा नियंत्रण कक्ष को सूचित एवं समन्वय करेगा। इस कंट्रोल रूम में राजस्व विभाग, गृह विभाग/पुलिस, होमगार्ड, जनपद स्तरीय एवं उर्जा विभाग के शासकीय सेवकों का ग्रुप रहेगा। ये शासकीय सेवकों का ग्रुप आपदा की स्थिति में त्वरित कार्यवाही हेतु थाने में कन्ट्रोल रूम स्थापित कर संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। जो कि जिले एवं ब्लाक स्तरीय कन्ट्रोल रूम को त्वरित सूचना देने हेतु कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार जिले में विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने एवं विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण एवं समन्वंय हेतु आपदा प्रबंधन कक्ष में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तकम, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 3 शिफ्ट में ड्यूटी लगाने के निर्देश उर्जा विभाग के अधीक्षण यंत्री को दिये हैं।

### जिले में अब तक 527.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी**। जिले में इस वर्ष 1 जून से सोमवार 14 जुलाई तक कुल 527.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 672.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 161.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 226.7 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 521.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 631.4 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 445 मिलीमीटर, बरही तहसील में 421 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 549.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 511.2 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 672.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 466.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### लेखा प्रशिक्षण शाला एक अगस्त से नया सत्र प्रारंभ

**कटनी**। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वगीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 1 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो राज्य4 शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार 26 फरवरी 2015 के अनुसार अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं नियमित सेवा अवधि एक वर्ष पूर्ण कर ली हो, 25 जुलाई शाम 5 बजे आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण 15 अक्टूबर तक चलेगा। यह प्रशिक्षण म.प्र. शासन के समस्त विभागों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये निःशुल्क है। जबकि अर्धशासकीय, निगम, मंडल एवं निकाय आदि के कर्मचारियों को निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2 हजार रूपये का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

### कुठिया महगवां के पंच पद के निर्वाचन हेतु मतदान 22 को

**कटनी**। जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत कुठिया महगवां के वार्ड क्रमांक 4 के पंच पद के निर्वाचन हेतु मतदान 22 जुलाई को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। इसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के अतिरिक्तप कक्ष को मतदान केन्द्र बनाया गया है। डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ताः ने बताया कि जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत कुठिया महगवां के वार्ड क्रमांक 4 में पंच पद हेतु विधिमान्यं दो अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस ने की काम्बिंग गश्त

# 83 वारंटियों को पकड़ा, निगरानी बदमाशों को किया चेक, आबकारी के 22 प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में बढ़ती अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं फरार वारंटियों, बदमाशों की धरपकड़ के लिए बीती रात जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिन ने काम्बिग गश्त चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं सभी एसडीओपी के मार्गदर्शन में सघन कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। यह गश्त थाना क्षेत्रों के अत्यधिक संवेदनशील एवं आपराधिक गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रित रही। इस विशेष अभियान में थाना प्रभारी, उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक, साइबर सेल एवं विशेष बल की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लिया।

गस्त के दौरान निगरानी बदमाशों की गतिविधियों की जांच, डोजियर वाले आरोपियों की चेकिंग व हाजिरी, झुग्गी-झोपड़ियों, डेरों, किराए के मकानों, होटल-ढाबों की तलाशी ली गई। साथ ही अवैध गतिविधियों (जैसे जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ, अवैध शराब) पर निगरानी रखते हुए वाहन



चेकिंग कर बिना दस्तावेजों, नशा कर वाहन चलाने वालों व संदिग्ध वाहनों की जाँच के साथ रात्रि में खुले रहने वाले प्रतिष्ठानों की जांच, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ एवं पहचान सत्यापन किया गया।

काम्बिग गस्त के दौरान विभिन्न न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 83 वारंटी गिरफ्तार किए गए, न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 37 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किया गया।।पुलिस द्वारा अपराधियों के घर जाकर कुल 47 गुंडा चेक किए गए,।अचानक दबिश देकर निगरानी बदमाशों के घर जाकर 47 निगरानी बदमाश चेक किए गए, अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 22 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिए।

कटनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए संमंस व 59 जमानती वारंट गस्त के दौरान तामील किए गए। रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत कटनी पुलिस द्वारा 09 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही की गई। जुआ एक्ट के तहत 2 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई।परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 02 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 90 प्रकरणों 102 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 06 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।

गश्त के दौरान आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें पुलिस सहायता के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम, थाना को दें। इस अभियान का उद्देश्य जिले में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करना, असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखना, आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम करना तथा आम जनता का पुलिस में विश्वास बढ़ाना है। कटनी पुलिस द्वारा यह अभियान सभी थाना क्षेत्रों में लगातार चलाया जाएगा।

# कार्यवाही हेतु कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षाकाल के दौरान पशु पालको द्वारा गौवंश या अन्य मवेशियों को आवारा छोड़ दिये जाने से पशुओं के सड़क दुर्घटना की वजह से मृत्यु एवं जनहानि होने की संभावनायें बनी रहती है। पशुओं के सड़क दुर्घटना को अंकुश लगाने एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये घायल पशुओं के त्वरित उपचार, प्राप्त शिकायतों के निराकरण एवं अन्य समन्वय हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर कर्मचारियों को कार्य दायित्व सौंपे गये हैं। ये कर्मचारी जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। जिला आपदा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष कमांक 07622-220071 और 07622-220072 है।

जारी आदेश के अनुसार ये कर्मचारी कन्ट्रोल रूम के माध्यम से समीपस्थ गौशालाओं में पशुओं के निर्धारित संख्या या रिक्तता की जानकारी रखेंगें तथा खाली गौशालाओं में आवारा पशुओं को आयुक्त नगर निगम एवं सीईओ जनपद पंचायत के माध्यम से शिफ्ट करायेंगे। इसी प्रकार पशुओं के सड़क पर दुर्घटना उपरांत वाहन के माध्यम से उठवाये जाने एवं घायल पशुओं का उपचार एवं मृत उपरांत डिस्पोजल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही संबंधित पशुपालकों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज कराये जाने की कार्यवाही करेंगे।

प्रत्येक दिवस पशुपालकों पर एफआईआर एवं अर्थदण्ड की हुई कार्यवाही की जानकारी आयुक्त नगर निगम एवं सीईओ जनपद पंचायत के माध्यम से एकत्र करेंग तथा समस्त जानकारी शासकीय सेवक नोडल अधिकारी के निर्देशन में कलेक्ट्रेट कार्यालय पर स्थापित कन्ट्रोल रूम के कक्ष कमांक 99 में निर्धारित समयानुसार उपस्थित होकर जिला प्रबंधक लोक सेवा या डीसीसी सुपरवाईजर को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

जारी आदेश के अनुसार सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक भूमिका उपाध्याय, पशु उप केंद्र चाका को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री आर पी पाण्डेय, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी मुख्य ग्राम इकाई हीरापुर कौड़िया को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लवकुश द्विवेदी सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### शिव मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण का हुआ आयोजन

# सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, हर हर महादेव के गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान शिवशंकर का जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की गई। सुबह से भक्त मंदिर पहुँचकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को नैवेद्य आदि अर्पित किए व जलाभिषेक किया।

सोमवार को स्लीमनाबाद स्थित शिव मंदिर मे पार्थिव शिवलिंग निर्माण आयोजित किया जहां बड़ी संख्या मे महिलाओं ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया एवं चंदन ,रोली, अक्षत, बिल्वपत्र आदि से भगवान का दिव्य श्रृंगार किया



गया। इस दौरान मंत्रोच्चारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। कलाकारों के द्वारा भगवान भोलेनाथ की भक्ति पर आधरित शिवमय गीतों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया।

पंडित भरत दुबे ने महिलाओं को पार्थिव शिवलिंग निर्माण का महत्व बतलाया। महिलाओं ने मिट्टी का शिवलिंग बनाने के लिए बेल के पेड़, नदी या तालाब की मिट्टी का उपयोग किया। साथ ही गाय का गोबर, गुड़, मक्खन ओर भस्म मिलाकर शिवलिंग बनाये गए ।

अभिषेक पूजन उपरांत शिवलिंग को कोपर पर रखकर सिर पर रखकर की ओर चली। ढोल-नगाड़ों की धुन पर महिलाएं नृत्य करती हुई चल रही थी। शिवलिंगो को नदी में विसर्जित किया गया।

इसके अलावा स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर व बाबा गढ़ धाम मैं भी विशेष पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। वहीं प्रसिद्ध रुपनाथ धाम,जिलहरी धाम,शिव मंदिर व तपस कुंड धाम में सुबह से दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का लगा रहा। भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर भक्तों ने सुख-समृद्धि के लिए कामना की व अच्छी वर्षा के लिए प्रार्थना की।

### आपदा प्रबंधन उपकरणों की लगाई गई प्रदर्शनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला सेनानी होमगार्ड राजेन्द्र सिंह बघेल के मार्गदर्शन में बाढ़ राहत आपदा प्रबंधन के तहत आपदा प्रबंधन उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। जहां इस प्रदर्शनी का अवलोकन अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने भी किया। इस प्रदर्शनी को लोगों ने जमकर सराहा। प्रदर्शनी में रबर मोटर, मोटर वोट इंजन, लाइफ रिंग, लाइफ जैकेट, सर्च लाइट, दूरबीन, स्नेक कैचर, रिफ्लेक्टिव जैकेट, फोल्डिंग सीढ़ी, गम बूट, रस्सा, एक्टेशन लीड, आस्का लाइट, फर्स्ट एड बॉक्स, टॉबर लाईट, इलेक्ट्रिक ड्रिल मशीन, इलेक्ट्रिक हेमर ड्रिल, हैवी ड्यूटी हैंड ग्लब्स, सेफ्टी हेलमेट, एसडीईआरएफ रेनकोट एवं फुलबॉडी हारनेस आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहे। प्रदर्शनी में प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, विकास शर्मा, आरक्षक राजेश दुबे, श्रीमती ममता गोड़ मौजूद आदि मौजूद रहे।

# विधिक साक्षरता शिविर में योजनाओं एवं कानूनी सहायता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत छहरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूषों से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली गई एवं पैरालीगल वालेंटियर रवि नामदेव को निर्देशित किया गया की जिन लोगों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उन लोगों के कार्ड बनवाए जाने में सहयोग करें। साथ ही निःशुल्क



विधिक सहायता, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100, मध्यस्थता जागरूकता, तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुये बताया गया कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव, पैरालीगल वालेंटियर रवि नामदेव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी राजनिवास पाण्डेय, संदीप मिश्रा एवं ग्रामीण महिलायें एवं पुरूष उपस्थित रहे।

### जुलाई माह में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद में 15 तो स्लीमनाबाद में 17 सर्पदंश पीड़ित पहुंचे

# बारिश के मौसम में सर्पदंश की बढ़ी घटनाएं, 32 को काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बरसात शुरू होते ही स्नैक बाइट के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बहोरीबंद विकासखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेवरी, बचैया, बाकल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद, बहोरीबंद में हर दिन औसतन 2 मरीज पहुंचते हैं। राहत की बात ये है कि समय पर अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीजों की जान बच जाती है।

विशेषज्ञों की मानें तो जुलाई-अगस्त में सांप के काटने के केस आते हैं जिसमें जहरीले कोबरा और करैत प्रजाति सांप के डसने के ज्यादा होते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो चौमासे में केस ओर बढ़ेगे। स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 15 तो बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भी 17 केस सर्पदंश के जुलाई माह मे सामने आये है। जहरीले सांप से पीड़ित मरीजों क्रो उपचार के लिए जिला अस्पताल रैफर किया गया। हालांकि अभी तक यह अच्छी खबर है कि जुलाई माह जो केस सर्पदंश के सामने आये उनमे से मृत्यु किसी की भी नहीं हुई।

#### वेंटीलेटर का अभाव

डॉक्टर्स की मानें तो न्यूरोटोक्सिक जहर अंगों को पैरालाइसिस कर देता है। जहर का पहला हमला आंख की पलक पर होता है, उसके बाद सांसें और चंद घंटे में ही जान ले लेता है। जिलेभर के स्वास्थ्य केंद्रों में वेंटीलेटर का अभाव है। मात्र जिला अस्पताल व निजी अस्पतालो में इसकी सुविधा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद मे पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने बताया कि मरीज के पहुंचने पर सबसे पहले लक्षण देखे जाते हैं ताकि सांप की प्रजाति पता चल सके। जहर न्यूरोटॉक्सिक है या ह्यूमोटॉक्सि। जहर चाहे न्यूरोटॉक्सिक हो या ह्यूमोटॉक्सि उसे एंटी वीनम इंजेक्शन लगाया जाता है। गंभीर स्थिति में पहुंचे मरीज को बिना टेस्ट के भी एएसबी लगाया जाता है।

इंजेक्शन के बाद जहर यदि न्यूरोटोक्सिक तो उसे पैरालाइसिस संबंधी उपचार होता है। ह्यूमोटॉक्सिक है तो ऐसा उपचार होता है कि जहर शरीर में कहीं ब्लीडिंग न करा पाए.एंटी वीनम इंजेक्शन लगाने के बाद 6-8 घंटे ऑबजर्वेशन में रखा जाता है, जब तक की दवा का असर दिखाई न देने लगे।

सामान्य दिनों में माह में 2-4 केस ही स्नैक बाइट के माह भर मै आते थे, लेकिन अब 40-50 स्नैक बाइट के केस महीने में आ रहे हैं। बारिश के कारण जहरीले कीढ़े बिलों से निकलते हैं और स्नैक बाइट के मामले बढ़ जाते हैं। मरीज समय पर अस्पताल पहुंच जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में बीएमओ बहोरीबंद डॉ आनंद अहिरवार का कहना है कि लोग झाड़ फूंक के चक्कर में समय न गवाएं!अधिकांश मरीजों की जान अस्पताल पहुंचने के बाद बच जाती है। लेकिन कुछ मामले में लोग अंधविश्वास के चलते अपने परिजनों को अपने ही हाथों खो देते हैं।

### सीएम हेल्प लाइन, समय-सीमा पत्रों सहित ई-ऑफिस की हुई समीक्षा

# शिकायतों को अटेंड नहीं करने पर जताई नाराजगी, निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने सीएम हेल्प लाइन, समय-सीमा पत्रों, मूंग एवं उड़द पंजीयन, लंबित सीमांकन आवेदनों सहित कार्यालयों में लागू ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु स्कूलों में लगाये जा रहे कैंपों में कम्प्यूटर ऑपरेटरों के न पहुंचने पर अपर कलेक्टर श्रीमती परस्ते ने ई-गवर्नेंस के सहायक प्रबंधक चतुर्वेदी के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुये जारी समय-सारणी के अनुसार डीईओ, एसडीएम एवं डीपीसी से समन्वगय करते हुए पूरी गंभीरता के साथ कैंपों का समयबद्ध संचालन करवाने के निर्देश दिए। ताकि इन कैंपों में पहुंचने वाले बच्चोंल के जाति प्रमाण पत्र बिना किसी परेशानी के बन सके। बच्चे् शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न होने पाये।

#### सीएम हेल्प लाइन रैंकिंग में सुधार करें

सीएम हेल्प लाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टंर श्रीमती परस्ते ने सभी विभागों को सीपीग्राम से प्राप्त शिकायतों के जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। सीपीग्राम शिकायतों के अंतर्गत ज्यादा शिकायतें राजस्वं एवं पुलिस विभाग के अंतर्गत लंबित है। उन्होंने जिले की रैंकिंग प्रभावित करने वाले सी और डी ग्रेड वाले विभागों को सीएम हेल्प लाइन शिकायतों का शीघ्र निराकरण कर रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने कृषि उपज मंडी के द्वारा जून माह की शिकायतों को अटेंड न करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी विभागों को शिकायतों को अटेंड कर लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि समस्त विभाग 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतें जिनका निराकरण संभव नहीं है, उनको फोर्स क्लोज करायें।

#### शिकायतों का करें निराकरण

बैठक के दौरान अपर कलेक्टेर श्रीमती परस्तों ने हीरापुर कौड़िया एवं अंतर्वेद में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद में राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, भू-अभिलेख, एमपीईबी, वेटनरी, पीएचई, जल संसाधन विभाग, पीडब्यू डी, खाद्य विभाग, आदिम जाति कल्युाण विभाग, कॉलेज, पुलिस विभाग आदि की बिजली, पानी, प्रधानमंत्री आवास, लाड़ली बहना, रजिस्ट्री , सीमांकन, अवैध अतिक्रमण, राशन पर्ची से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए इन शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये।

#### ई-ऑफिस की समीक्षा

बैठक में अपर कलेक्टेर श्रीमती परस्तेक ने शासकीय कार्यालयों में लागू ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुये जनपद पंचायतों, एसडीएम ऑफिस एवं तहसीलों में फाइलों का मूवमेंट ई-ऑफिस प्रणाली के तहत न करने पर कहा कि नवीन फाइलो का परिचालन ई-ऑफिस प्रणाली के तहत ही करें। साथ ही उन्होंने सभी विभागों से कहा कि कलेक्ट्रेट भेजने वाली फाइलों को कलेक्ट्रेट की आवक शाखा में ही भेंजे।

बैठक में सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, आयुक्त नगर निगम नीलेश दुबे, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, जिला श्रम अधिकारी केवी मिश्रा, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, आबकारी अधिकारी विभा मरकाम सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।



# स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय आयुष मिशन मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार जिले में खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैस्तलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरन नेहगवां, मुरवारी एवं कछगवा जोबा में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 'बुजुर्ग और उपशामक स्वास्थ्य देखभाल सेवायें' थीम के अतंर्गत सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों एवं गंभीर बीमारियों से पीडित रोगियों से संबंधित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण, प्रबंधन व स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं उचित आहार-विहार, दिनचर्या के लिए प्रेरित किया। साथ ही निःशुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 814 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। जिला आयुष अधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिविर को सफल हेतु आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिरी एक युवक गंभीर रूप से हुआ घायल, कटनी रेफर

**अमानगंज।** रविवार की रात लगभग 8:00 बजे एक सड़क दुर्घटना का मामला अमानगंज किशनगढ़ मुख्य सड़क मार्ग सिंघोरा ग्राम के समीप सामने आया जिसमें एक तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई मोटर बाइक में सवार चालक राममू आदिवासी पिता धन्नू आदिवासी निवासी कुडन गहदरा गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी उपस्थित लोगों द्वारा पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां घायल का प्राथमिक उपचार कर चिकित्सालय कटनी के लिए रेफर कर दिया।

### जीपीएफ खाताधारकों के लिए वर्ष 2024-25 का वार्षिक लेखा विवरण ऑनलाइन उपलब्ध

**पन्ना।** महालेखाकार कार्यालय (लेखा एवं हकदारी)-द्वितीय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर द्वारा राज्य के शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि खातों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक लेखा विवरण को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। अधिकारी-कर्मचारी अब अपना जीपीएफ स्टेटमेंट आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी सीरीज, खाता क्रमांक तथा पासवर्ड दर्ज कर सीधे डाउनलोड कर सकते हैं।

टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने बनाया मानसून सुरक्षा प्लान, पूरे सीजन में बाघों की टीम करेगी निगरानी

# टाइगर रिजर्व में बारिश के मौसम में आठ किशोर बाघों को शिकारियों से बचाना चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा



टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश में बाघ आमतौर पर शिकारियों के निशाने पर होते हैं. बाघों को बचाने के लिए वन विभाग तरह-तरह की कोशिश करता है लेकिन चालाक शिकारी मौका पाकर बाघों का शिकार करने से नहीं चूकते हैं. खासकर मानसून का मौसम शिकारियों को काफी मददगार होता है. जब एक बाघिन मां अपने किशोर होते बाघों को जंगल में खुले में घूमने को छोड़ देती है और अपने संरक्षण से मुक्त कर देती है. ऐसे में मानसून के वक्त बाघों की नई पीढ़ी को काफी खतरा होता है। प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व में 8 किशोर बाघों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। माना जा रहा है कि इस सीजन में जो बाघिन मां है, इन 8 किशोर बाघों को अपने से दूर कर देगी. इस लिहाज से देखा जाए, तो देश और दुनिया में टाइगर स्टेट के रूप में मशहूर मध्य प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व के किशोर बाघ खतरे में हैं।

### प्रदेश में पिछले 6 महीने में सबसे ज्यादा बाघों की मौत

एक तरफ जहां मध्य प्रदेश को बाघों की संख्या के चलते टाइगर स्टेट का दर्जा हासिल है, तो दूसरी तरफ मध्य प्रदेश में ही पिछले 6 महीनों में सबसे ज्यादा बाघों की मौत के मामले सामने आए हैं। हालांकि इन बाघों की मौत की वजहें अलग-अलग हो सकती हैं। लेकिन पिछले 6 महीने में मध्य प्रदेश में 29 बाघों की मौत हुई है. जिनमें व्यस्क, किशोर और शावक सभी शामिल हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 28 बाघों की मौत हुई. कुल मिलाकर देश भर में पिछले 6 महीने में 107 बाघों की मौत हो चुकी है।

### टाइगर रिजर्व में आठ किशोर बाघ

जहां तक प्रदेश के सबसे बडे टाइगर रिजर्व नौरादेही टाइगर रिजर्व की बात करें, तो इसे बने हुए अभी महज 2 साल हुए हैं। नौरादेही टाइगर रिजर्व जब सेंचुरी हुआ करती थी, तब ही इसे 2018 में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण परियोजना में शामिल किया गया था और 2019 में यहां बाघिन राधा और बाघ किशन को छोड़ा गया था. बाघिन राधा और बाघ किशन ने महज 6 सालों में यहां बाघों की संख्या 23 पहुंचा दी थी. इन 23 बाघों में से 8 बाघ अभी किशोर अवस्था में हैं जिनमें एन -111 के 4 और एन -112 के 4 बाघ शामिल हैं. माना जा रहा है कि अब दोनों बाघिन इन किशोर होते बाघों को अपने संरक्षण से मुक्त कर देंगी. ऐसे में करीब 2339 वर्ग किमी के क्षेत्रफल वाले 3 जिलों में फैले टाइगर रिजर्व में इन किशोर बाघों की सुरक्षा टाइगर रिजर्व प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती है।

### शिकारियों के लिए बारिश का मौसम मुफीद

जानकारों की माने तो बारिश में जंगल में काफी हरियाली और छिपने के लिए अच्छी जगह होने के कारण शिकारियों की नजर वन्यप्राणियों के शिकार पर होती है। शिकारियों की लिस्ट में पहले स्थान पर बाघ ही होते हैं. दरअसल जंगल में बारिश के चलते कई रास्ते बंद हो जाते हैं और कई ऐसी जगहें होती हैं जहां टाइगर रिजर्व प्रबंधन को पेट्रोलिंग और दूसरे कामों में परेशानी आती है। दूसरी तरफ शिकारियों को छिपने, फंदा लगाने के लिए एक तरह से खुला मैदान मिल जाता है। ऐसे में टाइगर रिजर्व प्रबंधन के लिए मानसून का सीजन काफी चुनौती भरा होता है। वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे बताते हैं कि मानसून में वन्यप्राणियों की सुरक्षा बड़ी चुनौती रहती है। टाइगर रिजर्व में निश्चित तौर पर चौकसी बढ़ाना चाहिए. इस समय जंगल में बारिश के कारण पेट्रोलिंग पर असर पड़ता है। जो शिकारी समूह जंगल के पास रहते हैं, ये मौसम उनके लिए अच्छा मौका रहता है. मानसून में सतत निगरानी होना चाहिए। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ एए अंसारी बताते हैं कि मानसून किसी भी टाइगर रिजर्व के प्रबंधन के लिए बहुत महत्वपूर्ण सीजन होता है। खासकर टाइगर और दूसरे वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर ये काफी चुनौतीपूर्ण समय होता है। इसके लिए हम लोग 3 महीने का अलग से सुरक्षा प्लान तैयार करते हैं. इसे हम मानसून सुरक्षा प्लान बोलते हैं और पूरा प्लान हमें मुख्यालय भेजना होता है। हमारा मुख्य फोकस होता है कि इस समय टाइगर के जो किशोर बच्चे होते हैं, ज्यादातर इस समय पर इनको मां अपने संरक्षण से बाहर छोड़ती है। ये नए एरिया की तलाश में निकलते हैं, तो ये सबसे बड़ी चुनौती होती है कि कहीं इनका शिकार ना हो जाए. ऐसे में हमें उनका ध्यान रखना होता है।

हर हर महादेव की ध्वनि से गुंजायमान हुआ नाव घाट...

# सावन सोमवार को सुनार मैया की महाआरती कर किया दीपदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



नगर की जीवनदायिनी सरिता सुनार में श्रावण मास के पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन सोमवार को बिहारी जी सेवा समिति के तत्वाधान में महाआरती का आयोजन कर असंख्य दीपदान किया गया। महाआरती का शुभारंभ नावघाट पर विराजमान गंगेश्वर महादेव का पूजन आरती करते हुए किया गया इसके उपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा नगर की मोक्ष दायिनी सरिता सुनार गंगा मैया की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर संगीतमय महाआरती की गई। जिसमें हजारो की संख्या में नगर के श्रृद्धालुओं नें सम्मिलित होकर महाआरती कर धर्म लाभ उठाया। इस दौरान नावघाट पर हर-हर महादेव जय गंगा मैया के उद्घोषों से नावघाट गुंजायमान हो उठा। इस महाआरती के पावन अवसर पर विधायक उमादेवी खटीक, डां. सीएल नेमा, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, बबलू राय, कमल रैकवार, रामकुमार राय, सुषमा राय, गीता रैकवार सहित भारी संख्या में महिला पुरूषों बच्चों की उपस्थिति रही। श्रावण मास के पावन अवसर पर आरती में सम्मिलित श्रद्धालुओं का बिहारी जी सेवा समिति के प्रमुख बबलू राय ने सभी आभार व्यक्त किया।

# निर्वाचन प्रशिक्षण आज से 23 जुलाई तक

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत पंचायत के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वा.) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। दमोह में जनपद पंचायत हटा रिक्त वार्ड क्रमांक-16 के 01 जनपद पंचायत सदस्य पद का निर्वाचन इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (पेपरलेस प्रक्रिया) से निर्वाचन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया कमीशनिंग में लगे कर्मचारियों का प्रशिक्षण 15 जुलाई को प्रातः 11 बजे से 01 बजे तक तहसील कार्यालय हटा में, अभ्यर्थी एवं मतदान अभिकर्त्ता का प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक ई-दक्ष केन्द्र द्वितीय तल कलेक्ट्रेट दमोह में संपन्न होगा इसके लिये मास्टर ट्रेनर महेश अग्रवाल, मोहन राय, माधव पटैल एवं कनिष्क साहू होंगे। इसी प्रकार एमटी, आरओ, तकनीकी टीम पीओ एवं अन्य प्रशिक्षण 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे से 02 बजे तक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष एवं अपरान्ह 2.30 बजे से 05 बजे तक ई-दक्ष केन्द्र द्वितीय तल कलेक्ट्रेट में आयोग द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक दल एवं प्रतिनिधि के माध्यम से दिया जायेगा। सेक्टर दल प्रशिक्षण द्वितीय 17 जुलाई 2025 को अपरान्ह 02 बजे से 04 बजे तक तहसील कार्यालय सभाकक्ष हटा में महेश अग्रवाल, मुकेश गूजरे, दिलीप जोशी, मोहन राय, माधव पटैल एवं कनिष्ठ साहू द्वारा दिया जायेगा। इसी प्रकार मतगणना प्रशिक्षण 23 जुलाई 2025 तहसील कार्यालय सभाकक्ष हटा में मुकेश गूजरे, दिलीप जोशी, मोहन राय, माधव पटैल एवं कनिष्ठ साहू द्वारा दिया जायेगा।

# रिपटा पुल निमार्ण हेतु विधायक ने सेतु निगम अधिकारियों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



नगर में बस स्टैंड से रेस्टहाउस के बीच रिपटा पर पुल निर्माण में आ रहे व्यवधान को दूर करने सोमवार को विधायक उमादेवी खटीक ने सेतु निर्माण विभाग दमोह के एसडीओ एमएस यादव एवं उपयंत्री दिनेश कुमार उमरे ने हटा पहुंचकर राजस्व और नगर पालिका की टीम के साथ निर्माण स्थल का भ्रमण कर निर्माण में आ रही परेशानियों को लेकर चर्चा की। विधायक व अधिकारियों के बीच हुई बातचीत में निर्माण को लेकर बात सामने आई की स्व चिंतामन चौरसिया की भूमि निर्माण की जद में आ रही है उच्च न्यायालय में मामला है, इस समस्या के समाधान के लिए उनके परिजनों से चर्चा कर सामंजस्य बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान प्रभारी तहसीलदार शिवराम चढार एवं पटवारी अनिल शुक्ला से राजस्व की भूमि की जानकारी ली और मौके पर ही आवश्यक भूमि का नाप भी कराया गया जहां 20 मीटर चौड़ाई दोनों ओर पर्याप्त मौजूद है किसी भी प्रकार तोड़फोड़ की जरूरत नही पड़ेगी। इस दौरान एसडीओ यादव ने बताया कि सवा नौ करोड़ की लागत से 12 मीटर चौड़ाई का पुल निर्मित होना है जिसका टेंडर निरस्त हो चुका है अब फिर से टेंडर लगेगा बरसात बाद ही कार्य किया प्रारंभ हो सकेगा। विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने आश्वस्त किया कि लिपटा पुल निर्माण में आ रहे विवाद को शीघ्र ही सामंजस्य बनाकर हल किया जाएगा।

# मीट दुकानों को निर्धारित स्थानों पर संचालित कराये जाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा



सोमवार को नगर एवं आसपास के ग्रामों में मीट मटन की दुकानों को निर्धारित स्थान पर संचालित कराए जाने की संबंध में एक ज्ञापन विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा एसडीएम के नाम तहसीलदार विवेक व्यास को दिया गया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि नगर तेन्दूखेड़ा में मीट-मछली विक्रय हेतु नगर परिषद् द्वारा पृथक से मार्केट आबंटित किया गया है। किन्तु नगर में विभिन्न स्थानों पर मीट एवं मछली का विक्रय किया जा रहा है, जिससे नगर के में निवासरत विभिन्न वर्ग के लोगों को आते-जाते असुविधा होती है तथा उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है। इसलिए नगर में विभिन्न स्थानों पर संचालित उक्त मीट-मछली की दुकानों को मीट मार्केट में संचालित कराये जाने हेतु आपसे निवेदन है। इसके अलावा तेन्दूखेड़ा क्षेत्र के बड़े बड़े ग्राम तेजगढ़, तारादेही, सैलवाड़ा, झलौन इत्यादि ग्रामों में भी ग्राम बस्ती के अंदर ही मीट की दुकानों का संचालन किया जा रहा है, जबकि ग्राम/नगर के बाहर लगभग 1 कि.मी. दूर उक्त दुकानों का संचालन किया जाना चाहिए।अतः विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल प्रखण्ड तेन्दूखेड़ा, जिला दमोह द्वारा आपसे सादर निवेदन है कि नगर तेन्दूखेड़ा के विभिन्न अलग अलग स्थानों पर संचालित मीट-मटन की दुकानों को मीट मार्केट में संचालित कराया जावे तथा ग्राम/कस्बों में संचालित उक्त दुकानों को ग्राम से बाहर संचालित कराये जाने का अनुरोध किया गया है। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं बजरंग दल के संयोजक तेजी सिंह लोधी सहित दोनों प्रखंडों के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रसीलपुर में छात्र छात्राओं को निः शुल्क साइकिल की गई वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल रसीलपुर में बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य को लेकर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण ग्राम पंचायत सरपंच कमल दुबे जनपद सदस्य प्रियेश अठया के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय प्राचार्य मुकेश चौबे व शिक्षकों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। कार्यक्रम का शुभांरभ मां सरस्वती पूजन के साथ किया गया इसके बाद प्राचार्य मुकेश चौबे द्वारा नित्य संकल्प का बचन छात्र-छात्राओं को कराया गया। इसके उपरांत सरपंच कमल दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा शुरू की गई योजना छात्रों को कारगर सिद्ध हो रही है उन्होंने बच्चों से कहा कि सरकार सुविधा उपलब्ध करा रही हैं अब सिर्फ मन लगाकर पढ़ाई करनी है। बच्चों को एक गांव से दूसरे गांव स्कूल आने में परेशानी न हो इस उद्देश्य को लेकर सरकार द्वारा बच्चों को निशुल्क साइकिल वितरण की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई शिक्षानिति लागू की गई है जिसका उद्देश्य शिक्षा को मजबूत एवं सरल बनाना है। सरपंच ने अनेकों तरह के उदाहरण बच्चों को शिक्षा प्रेरित करने के लिए दिए। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय के 7 छात्र एवं 6 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया है। इस दौरान संस्था के शिक्षक सलीम खान एवं दयाराम द्वारा मुख्य अतिथियों के साथ एक पौधा मां के नाम आम का पौधा लगाया गया।

# चौमुखनाथ मंदिर के अंदर से रात्रि में हुई दान पेटी चोरी

**सलेहा।** सलेहा निकटतम चौमुखनाथ महादेव मंदिर से बीतीं रात्रि दान पेटी अज्ञात चोरों द्वाराचोरी करने की घटना प्रकाश में सामने आई है रात्रि ड्यूटी कर रहे पुरातात्व कर्मचारी ने जब सुबह मंदिर का ताला खोला तो मंदिर में दान पेटी गायब थी।

चौमुखनाथ मंदिर खुलने का समय सूर्योदय एवं बंद का सूर्य अस्त है रात्रि ड्यूटी में तैनात कर्मचारी ने दो बजे पहरा के समय मंदिर का ताला लगा रहना बताया है इसके बाद जब मंदिर सुबह खोला गया गेट का ताला टूटा था एवं दान पेटी गायब मंदिर से गायब थी। जिसकी सूचना पुरातत्व विभाग रीवा कार्यलय को दी गई रीवा से पुरातत्व अधिकारी बं कुनाल शर्मा पहुंचे चौमुख नाथ मंदिर पहुंचे पश्चात सलेहा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुरातत्व कर्मचारियों ने बताया कि मंदिर परिसर की दान पेटी लगभग 1 वर्ष से विभाग ने नहीं खोली थी लगभग 1 वर्ष से पहुंच रहे भक्तों द्वारा किया गया दान दान पेटी में बंद था पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है।



# खुली नाली बन रही हादसों का कारण, परिषद ने पहले से नहीं की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा







नगर परिषद की घोर लापरवाही ने तेंदूखेड़ा की सड़कों को हादसों का गढ़ बना दिया है। पिछले आधे महीने से खकरिया और जनपद की ओर जाने वाली प्रमुख सड़क पर नाली खुली छोड़ दी गई है, जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। आज सुबह एक और हादसे में एक मोटरसाइकिल खुली नाली में औंधे मुँह जा गिरी गनीमत रही चालक बाल बाल बच गया , स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ हफ्तों में कई मोटरसाइकिल सवार इसी नाली के कारण हताहत हुए हैं, लेकिन नगर परिषद ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

### तस्वीरें बेनकाब करतीं हैं नगर परिषद की घोर लापरवाही

तस्वीरों में खुली नाली में पड़ी मोटर साइकल और और पूर्व में नाली का गंदा पानी रोड पर बहता साफ़ देखा जा सकता जो नगर परिषद की घोर लापरवाही को बेनकाब करता है नगर परिषद के अधिकारियों से संपर्क करने पर जवाब भी टालमटोल वाला मिलता है ।शिकायत के बाद भी नगर परिषद के आलाधिकारियों के जूँ तक नहीं रेंगता यह चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि वे अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं और जनता की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, जिसके चलते बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी हो रही है।दुकानों के सामने कचरे का ढेर कीचड़ से सना रास्ता बदबू और गंदगी से दुकानदार परेशान है। दुकानों के सामने पड़े कचरे के ढेर से निकलने वाली तेज बदबू से ग्राहक दुकानों से दूर भाग रहे हैं।

स्थानीय दुकानदार जितेंद्र लोधी, ने बताया पिछले एक हफ्ते से कचरा जमा है। सड़ते हुए कचरे से बदबू इतनी तेज है कि ग्राहक अंदर तक आने से कतराते हैं। हमारा रोजगार चौपट हो रहा है




**जितेन्द्र लोधी**
**दुकानदार तेन्दूखेड़ा**

दुकानदार विनोद विश्वकर्मा ने बताया कीचड़ और कूड़े के ढेर के कारण गंदगी से हम लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है लेकिन नगर परिषद को कोई फर्क नहीं पड़ता



**विनोद विश्वकर्मा**
**दुकानदार तेन्दूखेड़ा**

दुकानदार संस्कार जैन ने बताया कभी कभार कचरा उठता है मगर सौ में से केवल दस परसेंट कचरा उठाया जाता है कई बार नगर परिषद में इसकी शिकायत और आवेदन कर चुके हैं मगर आज दिनांक तक नगर परिषद ने कोई ठोश कदम नहीं उठाया जिससे हम लोगों को समस्या से निजात मिल सके ।



**संस्कार जैन**
**दुकानदार तेन्दूखेड़ा**

### तस्वीरें बयान करती हैं हालात की गंभीरता

संलग्न तस्वीरों में दुकानों के सामने पड़े कचरे के ढेर, सड़ते फल-सब्जियां और प्लास्टिक के कचरे का अंबार साफ दिखाई दे रहा है। गंदगी के कारण मार्केट में चलना मुश्किल हो गया है, और बारिश के मौसम में यह स्थिति और भयावह हो जाती है। दुकानदारों ने बताया कि कचरे से निकलने वाला गंदा पानी रास्ते में फैल रहा है, जिससे पैदल चलने वालों को भी परेशानी हो रही है।और इसी बजाज से ग्राहक नहीं आते जिस बजे से हम लोगों का धंधा भी ढप्प हो रहा है स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर जगह जगह फैली गंदगी देखकर लगता है मानो नगर परिषद ने कचरा उठाने की व्यवस्था पूरी तरह से ठप कर दी है।

### अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते नजर आए अधिकारी

मार्केट में लगे कचरे के ढेर और गंदगी से लगे अंबार की ओर जब आलाधिकारियों का ध्यान आकर्षण कराना चाहा तो नगर परिषद उपयंत्री भूपेंद्र सिंह ने उल्टा दुकानदारों को ही नोटिस देखकर समझाइस देने की बात कही जाने लगी उन्होंने कहा दुकानदारों को नोटिस देकर समझाइस दी जाएगी।

# गुरु के प्रति अर्पण नहीं समर्पण का भाव होना चाहिए

**दमोह।** हिन्दी साहित्य भारती जिला इकाई दमोह द्वारा 13 जुलाई 2025 को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में गुरु पूर्णिमा को समर्पित काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में नगर के पच्चीस कवि कवियित्री ने सहभागिता दी सभी ने अपने गुरु को समर्पित उत्कृष्ट रचनाओं का काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य की पहली गुरु मां होती है। उन्होंने अपने जीवन संघर्ष का स्मरण करते हुए अपनी मां को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रघुनंदन चिले ने अपने उद्बोधन में एक प्रसंग महात्मा बुद्ध के एक शिष्य - गुरु की एक चीनी कहानी सुनाई जिसमें मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। जिला इकाई अध्यक्ष डॉ पीएल शर्मा सेवा निवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर हमें अपने शिक्षकों को याद करना चाहिये । हिंदी साहित्य भारती के महामंत्री कवि कृष्ण कुमार पांडे ने बताया कि गुरु के प्रति ष्अर्पण नहीं समर्पण का भावष होना चाहिए। काव्य गोष्ठी में लेखक संघ के जिला अध्यक्ष अमर सिंह राजपूत ने सहचरी को गुरु बताते हुए काव्य पाठ किया। प्राचार्य डॉक्टर आलोक सोनवलकर ने साहित्य एवं कला के प्रति अपने भाव व्यक्त करते हुए सदैव सहयोग करने का भाव व्यक्त किया । नन्हें सिंह ठाकुर ने अपनी गजल- पूर्णिमा पे पुकारता है कोई,राह तेरी निहारता है कोई।बीएम दुबे ने सहचरी की खिदमत में हास्य व्यंग की शानदार रचना पढ़ी। अन्तर्राष्ट्रीय कवियत्री प्रेमलता नीलम, विमिला तिवारी, पुष्पा चिले,श्रीमती शुक्ला,पाराशर, श्री गणेश राय, दिनेश जैन ,ओजेन्द तिवारी श्री शर्मा सदन नेमा सहित सभी साहित्यकारो ने गुरु को समर्पित अपनी श्रेष्ठतम रचनाएं प्रस्तुत की। श्रीमती मनोरमा रतले ने गुरु की महिमा क्या गांऊ प्रस्तुति के साथ मंच का संचालन किया। कार्यक्रम का आभार कृष्ण कुमार पांडेय ने व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### जिलाध्यक्ष अजाक्स सदस्य नामांकित

**दमोह।** म.प्र.अजाक्स भोपाल के प्रांतीय अध्यक्ष जे.एल.कंसोटिया (आई.ए.एस.) ने कलेक्टर दमोह को पत्र लिखकर कहा है कि दमोह जिले में सीधी भर्ती एवं पदोन्नति के पदों का जिला स्तरीय सेस्टर निर्धारण, पर्रामर्शदात्री एवं अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण समिति हेतु म.प्र. अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रतिनिधि के रूप में मुरारीलाल अहिरवार (शिक्षक) जिलाध्यक्ष अजाक्स दमोह को म.प्र. अजाक्स की ओर से सदस्य नामांकित किया है।

### युवा -संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिशिप मेला 22 जुलाई को

**दमोह।** राज्य शासन के कौशल, रोजगार विभाग भोपाल एवं जिला प्रशासन दमोह के निर्देशानुसार प्राचार्य आई.टी.आई, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र दमोह के संयुक्त तत्वाधान में 22 जुलाई को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज दमोह में निजी क्षेत्र की कम्पनियों एवं स्वरोजगार प्रदान कराने वाले विभागों द्वारा प्रातः 11 बजे से युवा संगम अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में संभावित कम्पनियों द्वारा अप्रेन्टिस, नेप्सी टीमलीडर, टेलीकालिंग, नेटवर्कर, मेनेजर, मशीन आपरेटर के साथ-साथ, सेल्स एक्जीकेटिव अभिकर्ता इत्यादि विभिन्न पदों पर भी सीधी भर्ती की जायेगी जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10 वीं, 12 वीं, स्नातक, आई.टी.आई फिटर, मेकनिक, टर्नर, बेल्डर, मशीनिष्ट हो एवं आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच हो, वह अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित हो सकते है साथ ही जिला व्यापार उद्योग केन्द्र एवं स्वरोजगार प्रदान करने वाले विभागों द्वारा मेले में दी जाने वाली जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### कालिदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष सम्मेलने में दमोह से पांच को आमंत्रण

दमोह। ज्योतिष के क्षेत्र में भी दमोह का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भोपाल में दो दिवसीय कालिदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दमोह से पंचांगकर के रूप में डॉ. प्रकाश गौतम को भी आमंत्रित किया गया है, डॉ. गौतम जबलपुर से प्रकाशित भूवन विजय पंचांग का संपादन करते हैं, इस वर्ष ग्रहों की राशि परिवर्तन एवं खडाष्टक योग का देश एवं विश्व की राजनीति, अर्थनीति पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में अपना उद्बोधन दिया। यह सम्मेलन ज्योतिष महर्षि पंडित आदित्य प्रसाद जी गौतम एवं पंचांग का सूर्यकांत चतुर्वेदी जी की पुण्यतिथि में ज्योतिष मठ संस्थान भोपाल एवं कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में 12 एवं 13 जुलाई को हो रहा है जिसमें देश के अनेक प्रांतो से 250 ज्योतिष आचार्य भाग ले रहे हैं हर्ष का विषय है कि दमोह से 4 अन्य ज्योतिष शास्त्री पंडित रवि शास्त्री, पंडित बालकृष्ण शास्त्री एवं छोटू शास्त्री को भी आमंत्रण प्राप्त हुआ है।

### निर्वाचन प्रेक्षक अशोक व्यास 15 एवं 21 से 26 तक क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत दमोह जिले के जनपद पंचायत सदस्य हटा के वार्ड क्रमांक-16 के उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) हेतु निर्वाचन संचालन प्रेक्षण हेतु श्री अशोक कुमार व्यास, रा.प्र.से. (सेवानिवृत्त). 301 राधाकृष्ण अपाटमेंट सी ब्लॉक मनोरमागंज, ए.वी. रोड़, इंदौर मो नं. 9425140552 डी.ई.ओ. लेवल रेण्डमाईजेशन एवं आर.ओ. लेवल रेण्डमाईजेशन में 15 जुलाई 2025 तक तथा द्वितीय चरण में मतदान हेतु 21 से 26 जुलाई 2025 तक जिला प्रवास पर रहेंगे। इसी प्रकार आयोग के निर्देशानुसार दमोह में इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (पेपरलेस प्रकिया) से निर्वाचन हेतु प्रशिक्षण के लिए आयोग से एक दल 15 से 16 जुलाई 2025 तक दमोह प्रवास पर रहेगा। आयोग द्वारा भेजे जा रहे दल में अवर सचिव म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल श्रीमति संजू कुमारी, प्रोग्रामर सुश्री प्रियंका त्रिपाठी एवं प्रोग्रामर नुपुर पारासर जिले के प्रवास पर रहेंगे।

### पहला सावन सोमवार को बांदकपुर में उमड़ी भीड़

# वैकल्पिक व्यवस्था से लाखों श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को अर्पित किया जल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

जिले के बांदकपुर में स्थित जागेश्वर नाथ धाम में सावन महीने के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी भगवान शिव की भक्ति के लिए विशेष महत्वकारी इस दिन को देखते हुए सुबह से ही भक्तों की लाइन लगी हुई थी मंदिर परिसर में हर हर महादेव और बोल बम के नारे से पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ था। जागेश्वर नाथ धाम को 13वें ज्योतिर्लिंग के रूप में माना जाता है जहां भगवान शिव का दिव्य स्वयंभू शिवलिंग है इस मंदिर की ख्याति पूरे भारत में है और श्रद्धालुओं की सभी मुरादें पूरी होने की मान्यता है। पहले सोमवार को लेकर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी मंदिर प्रबंधक के अनुसार दोपहर तक करीब 80000 श्रद्धालुओं ने वैकल्पिक जल पात्र की व्यवस्था के माध्यम से भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण किया और संध्याकालीन आरती दर्शन तक श्रद्धालुओं संख्या लाखों में होने का अनुमान है । नर्मदा अंचल से कावड़ यात्री भी भगवान का जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे हैं उन्होंने नर्मदा जल भरकर सैकड़ों मील की पैदल कांवड़ यात्रा की कठोर साधना के बाद भगवान भोलेनाथ के दरबार में पहुंचे हैं। इस बार मंदिर में नवीन व्यवस्था के तहत पाइपों के द्वारा गर्भ गृह के बाहर से जल अर्पण करने की व्यवस्था की गई है इससे कुछ श्रद्धालुओं को निराशा हाथ लगी है जो भगवान शिव की शिवपिंडी को दोनों हाथों से भरकर भेंट करने की परंपरा को महत्व देते हैं। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल में नवीन व्यवस्था के चलते यहां की परंपराएं मान्यताएं विलीन होने का संकट खड़ा ही गया क्योंकि यहां पर आने वाले श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की शिवपिंडी को दोनों हाथों से भरकर भेंट करते हुए अपने मन की मुरादे कहने जैसी परंपराओं का अपना एक विशेष महत्व है।

कावड़ियों द्वारा नर्मदांचल से कांवड़ में नर्मदा जल भरकर सैकड़ों मील की पैदल कांवड़ यात्रा की कठोर साधना के बाद भगवान भोलेनाथ के दरबार में भगवान शिव का अपने हाथों से जलाभिषेक का संकल्प लेकर आते हैं जिन्हें नवीन व्यवस्था से जरूर निराशा हाथ लगी होगी।

### श्रावण माह में बूदा बहू मंदिर में हुआ अभिषेक



**दमोह।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण माह में घंटाघर के समीप स्थित बूदा बहू मंदिर में शिव जी का पूजन एवं अभिषेक का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। मंदिर के पुजारी पं रामेश्वर शर्मा व मनोज चदपुरिया ने पूजन एवं अभिषेक तथा पार्थिव शिवलिंग निर्माण के उपरांत आरती तथा प्रसाद का वितरण किया गया।

# प्रेमी ने गर्भवती प्रेमिका के साथ दुष्कर्म कर तेलन घाटी में फेंका

### शादीशुदा प्रेमी के साथ दोस्त पर मामला दर्ज, दोनों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिग्रामपुर



जबेरा थाना अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी के तेलन मार्ग पर 18 वर्षीय युवती के घायल अवस्था में पड़ी थी। इसी बीच बांदकपुर से लौट रहे पौंडी सरपंच मनोज राय को युवती ने रोका उन्होंने घटना की जानकारी सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन को दी। वहीं से बांदकपुर से वापिस आ रहे भाई साहब पटेल ने भी अपना वाहन रोका व बिना देरी किए तत्काल ही युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। मौके पर थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, चौकी प्रभारी राजीव पुरोहित, एस आई गणेश दुबे पहुंचे व घायल युवती ने बयान दिए। बयान के आधार पर युवती ने कटनी निवासी बताया जिसे पास के ही दो युवक अपहरण कर लाए जहां एक सुनसान घर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद युवती के साथ मारपीट कर उसे तेलन मार्ग की घाटी से नीचे फेंक दिया जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। बीएमओ डॉक्टर डीके राय के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे दमोह रेफर कर दिया। दमोह जिला चिकित्सालय में इलाज के लिये पहुंची युवती के इलाज के बाद पुलिस ने बयान लिये। पूछताछ में युवती ने बताया कि आरोपी युवक से बीते कई महीनों से प्रेम प्रसंग था युवक पवन बर्मन शादीशुदा है और युवती से शादी का झांसा देकर कई महीनों से इसके साथ दुष्कर्म किया करता था। जब युवती गर्भवती हो गई तो बहाना बनाकर आरोपी अपने दोस्त के साथ कटनी के माधव नगर से युवती को लेकर दमोह के सुनसान जंगली इलाके में ले गए। फिर कोई नशा कराकर उसके साथ फिर से दुराचार किया। युवती के विरोध करने पर इससे बेहद मारपीट की और अंधेरे का फायदा उठाकर सड़क किनारे से जान से मारने की नियत से अंधेरे में अनंत गहरी तेलनमार घाटी से फेंक दिया। घटना में कटनी के निवासी दोनों आरोपी पवन और निगम के खिलाफ अपहरण दुष्कर्म व जान से मारने की कोशिश और हरिजन एक्ट का मामला शून्य पर दर्ज किया गया है। फिलहाल पीड़ित को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### दोनो आरोपी हुये गिरफ्तार

उपरोक्त वारदात के दोनों आरोपी के नाम उजागर हो जाने के बाद दमोह पुलिस की सूचना पर कटनी की माधव नगर थाना पुलिस ने उपरोक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिसकी पुष्टि तेंदूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर द्वारा की गई ।कटनी के माधवनगर में युवती के परिजनों ने गुमशुदगी का मामला कायम कराया गया था। जिस मामले में दमोह का मामला जोड़कर इजाफा किया जाएगा। देवी सिंह एसडीओपी तेंदूखेड़ा दमोह ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। कटनी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ओवरलोड वाहन जब्त

**दमोह।** यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक RJ27GE2484 को भार क्षमता से 21 टन ज्यादा भार परिवहन करते पाए जाने पर जप्त किया गया था तथा प्रकरण तैयार किया गया था। जिस पर वाहन स्वामी द्वारा माननीय न्यायालय में वाहन सुपुर्दगी का आवेदन लगाया गया था। जिस पर वाहन स्वामी सुपुर्दनामा भरवा कर वाहन स्वामी को वाहन सुपुर्द कर दिया गया था। लेकिन आज दिनांक 14 जुलाई 2025 को वाहन चालक के उपस्थित होने पर प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा माननीय न्यायालय द्वारा प्रकरण पर 62,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## कुलुआ सलैया तालाब में दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बनवार

दमोह जिले के नोहटा के समीप ग्राम कुलुआ में स्थित सलैया तालाब में मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी जिसके बाद विभाग की टीम तालाब पर निगरानी कर रही है मगरमच्छ तालाब में ही रहता है और बाहर नहीं निकलता लेकिन ग्रामीणों को चिंता है कि अगर समय रहते मगरमच्छ का रेस्क्यू नहीं किया गया तो कोई अनहोनी घटना हो सकती है। वन विभाग की टीम ने तालाब में पिंजरे रखे हैं और मगरमच्छ को निकालने के लिए सतत निगरानी बनाए हुए है डिप्टी रेंजर राशिद कुरैशी ने बताया कि मगरमच्छ को रेस्क्यू करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के पास से आम रास्ता है और स्कूली बच्चे रोजाना स्कूल जाते हैं इसलिए मगरमच्छ की मौजूदगी से दहशत का माहौल है वन विभाग की टीम मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से पकड़कर नदी में छोड़ने के लिए प्रयासरत है।

## सर्पदंश से युवती की मौत

**तेंदूखेड़ा।** जनपद क्षेत्र के तारादेही के ग्राम हराई में सांप के काटने का मामला सामने आया है जानकारी लेने पर पता चला कि एक युवती को रात में सोते समय सांप ने काट लिया जिससे युवती को अस्पताल लाने से पहले ही मौत हो गई। इस संबंध में युवती रानू आदिवासी के पिता कल्याण आदिवासी ने बताया कि घर में सोते समय सुबह करीब चार बजे मेरी बेटी सो रही थी। अचानक कमरे में सांप घुस आया और बिटिया को काट लिया जिससे बाजू में सो रही दूसरी बिटिया ने देख लिया और हल्ला मचाया घर के लोगों के पहुंचने पर सांप भाग गया। डॉक्टर को न दिखाकर झाड़ फूक करवाने तेजगढ़ ले गए। झाड़फूक में जब युवती को कोई आराम न मिलने पर सामुदायिक केंद्र लेकर आये जब तक लाए तब तक युवती रानू की मौत हो गई। इससे पता चलता है आज भी ग्राम के लोग नीम हाकिमों पर ज्यादा विश्वास करते है। इसलिए युवती की जान चली गई पिता ने बताया कि युवती की शादी को दो माह के करीब हुए थे। युवती मायके में थी। ससुराल वाले ससुर लेने आया था पर रविवार को रात होने पर मायके बालों ने कहा था कि सोमवार को ले जाना। अब रो रो कर बता रहे थे कि अगर बिटिया को रविवार को ससुराल भेज देते तो बिटिया की जान नहीं जाती। सोमवार को ही वार्ड नंबर ग्यारह में रहने वाले रत्नेश जैन के घर में एक बड़ा सांप घुस गया जिसको पास में रहने वाले सर्फ के जानकार ने घर से सांप को पकड़ कर खाली मैदान में छोड़ दिया।

## गायत्री परिवार ने किया 151 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चलाए जा रहे वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत गायत्री परिवार द्वारा पूरे भारतवर्ष में गुरु पूर्णिमा से रक्षाबंधन तक इस तरह के आयोजन प्रत्येक तहसील ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर चलाए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत श्रावण मास रविवार पर नॉनपानी ग्राम जिला दमोह में गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा 151 पौधों का रोपण किया गया जिसमें गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन राजेंद्र गर्ग द्वारा 151 पौधे दान किए गए। उनकी प्रेरणा से ग्राम के ग्रामीण आदिवासियों द्वारा पूर्व में 6000 पौधे लगाई जा चुके हैं। जो अभी पूर्णत सुरक्षित हैं इस आयोजन की व्यवस्था तहसील समन्वयक भाई मधुर असाटी एवं सह समन्वयक राघवेंद्र नेमा द्वारा बनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित युवा प्रकोष्ठ के सभी भाई पुनीत मिश्रा, राजेंद्र गर्ग, अमिताभ श्रीवास्तव, मनीष गोयल, राघवेंद्र नेमा, भूपेंद्र तिवारी, महेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार गुर्जर रूपनारायण विश्वकर्मा, मधुर असाटी, देव ऋषि विश्वकर्मा की और क्षेत्रीय गायत्री परिजन एवं आदिवासी भाइयों की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक श्री भूपेंद्र तिवारी ने गायत्री परिवार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों सप्त आंदोलन मैं से एक पर्यावरण को कैसे संरक्षित किया जाए। गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विषय में जानकारी आदिवासी ग्रामीण भाइयों को देते हुए संबोधित किया और वेद मंत्र उच्चारण कर वृक्षों का पूजन किया गया।

## इंटर्नशिप योजना पर हुआ सेमिनार व निकाली जागरूकता रैली

**दमोह।** 11 मध्यप्रदेश बटालियन सागर के कमान अधिकारी कर्नल बालकृष्ण सालुंखे के निर्देशन एवं प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में 'प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना' के तहत कौशल से समृद्धि और रोजगार के अंतर्गत सेमिनार और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने कहा है कि कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को 'भारत की शीर्ष 500 कंपनीयों' में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगारपरक बनाना हैं। एन,एस,एस अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार चौधरी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा है कि यह कार्यक्रम युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यवसायिक वातावरण से अवगत करवाना है, जिससे उन्हें व्यावहारिक कौशल एवं कार्यानुभव प्राप्त करने में मदद मिले। एनसीसी अधिकारी डॉ के. एस. बामनिया ने कहा कि इंटर्नशिप के दौरान उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक एवं प्रक्रिया के माध्यम से प्रशिक्षण एवं नियमित रोज़गार प्राप्त करने की योग्यता अर्जित करने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स अधिकारी डॉ. व्ही.पी.सिंह एवं स्टाफ सहित एनसीसी और एन एस एस के वालिंटियर ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क्र./निविदा/2025/1685 — **द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना** — हटा, दिनांक 11/07/2025

एतद द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को निम्नलिखित सामग्रियों / कार्य की आवश्यकता है, इस हेतु आईटम दर के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_436962_1 11/07/2025 | विद्युत सामग्री सप्लाई कार्य। | 1- वितीय वर्ष 2025-26 2- 35.00 लाख | 1- 5000/- 2- 27000.00/- | 28/07/2025 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हटा**
**जिला दमोह**



